भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4096

गुरूवार, 7 अप्रैल, 2022/17 चैत्र, 1944 (शक)

प्रवासी और घरेलू कामगारों का सर्वेक्षण

4096. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रवासी और घरेलू कामगारों के संबंध में किए गए सर्वेक्षण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) सर्वेक्षण को पूरा करने और इसके परिणामों को प्रकाशित किए जाने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(ग) सर्वेक्षण कराने के लिए पद्धति का उपयोग किया जा रहा है; और

(घ) उन व्यक्तियों की निजता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं जिनका सर्वेक्षण किया गया था?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): श्रम ब्यूरो ने प्रवासी कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण और घरेलू कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण किया है। श्रम ब्यूरो का लक्ष्य,अक्तूबर, 2022 तक प्रवासी कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण और घरेलू कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के परिणामों को जारी करना है।

घरेलू कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण में अपनाया गया नमूना डिजाइन एक स्तरीकृत बहु-स्तरीय डिज़ाइन है। प्रथम चरण की इकाइयां (एफएसयू) ग्रामीण क्षेत्र में 2011 की जनगणना गांव (केरल के मामले में पंचायत वार्ड) और शहरी क्षेत्र में यूएफएस के नवीनतम चरण के अनुसार शहरी फ्रेम सर्वेक्षण (यूएफएस) ब्लॉक होंगे। अंतिम चरण इकाइयां (यूएसयू) दोनों क्षेत्रों में पारिवारिक इकाइयां होंगी।

प्रवासी कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण में अपनाया गया नमूना डिजाइन एक स्तरीकृत बहु-स्तरीय डिज़ाइन है। प्रथम चरण की इकाइयां (एफएसयू) ग्रामीण क्षेत्र में 2011 की जनगणना गांव (केरल के मामले में पंचायत वार्ड) और शहरी क्षेत्र में यूएफएस के नवीनतम चरण के अनुसार शहरी फ्रेम सर्वेक्षण (यूएफएस) ब्लॉक होंगे। अंतिम चरण इकाइयां (यूएसयू) दोनों क्षेत्रों में पारिवारिक इकाइयां होंगी।

उत्तरदाताओं से जानकारी प्राप्त करने के लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। परिणामों को अंतिम रूप देते समय उत्तरदाताओं की पहचान उजागर नहीं की जाएगी।

****